**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**
**अभ्यास प्रश्न पत्र द्वितीय सत्र (2021-22)**
**कक्षा- बारहवीं**
**विषय- हिंदी (ऐच्छिक), विषय कोड-002**

**निर्धारित समय 2 घंटे** **पूर्णांक 40**

**सामान्य निर्देश :---**
**1. निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए ।**
**2. इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।**
**3. इस प्रश्न पत्र में कुल 9 प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह दो खंडों में विभाजित है।**
**4. प्रश्नों में अतिरिक्त विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।**

## खंड (क)
### (कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न (1)** निम्नलिखित दिए गए 3 शीर्षकों में से **किसी एक विषय** पर लगभग **150 शब्दों में** रचनात्मक लेखन लिखिए। **(1x5=5अंक)**

**(क)** कोरोना : जागरूकता और सतर्कता ही बचाव
**(ख)** ऑनलाइन शिक्षा एक बेहतर विकल्प
**(ग)** मेरे विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव

**प्रश्न (2)** भारतीय समाज में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक अखबार के संपादक को **लगभग 120 शब्दों में** पत्र लिखिए । **(1x5=5अंक)**

अथवा

पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र में रोजगार के लिए प्रकाशित एक विज्ञापन का संदर्भ देते हुए हिंदी टाइपिस्ट के रिक्त पद के लिए **लगभग 120 शब्दों में** आवेदन पत्र लिखिए ।

**प्रश्न (3)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 शब्दों में** लिखिए।

**(क)** कहानी के तत्वों का संक्षिप्त परिचय दीजिए? **(1x3=3 अंक)**

अथवा

कहानी और नाटक में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**(ख)** कहानी के कथानक में द्वंद का क्या महत्व है ? **(1x2 = 2 अंक)**

अथवा

नाटक में समय के बंधन का औचित्य बताएँ ?

**प्रश्न (4)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50 शब्दों में** लिखिए।

**(क)** समाचार किस शैली में लिखे जाते हैं, इस शैली पर प्रकाश डालिए । **( 1x3 = 3 अंक )**

**अथवा**

विशेष लेखन किसे कहते हैं ? समाचार पत्रों में विशेष लेखन की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

**(ख)** फीचर किसे कहते हैं? **( 1x2 = 2 अंक )**

**अथवा**

'जंक फूड और इसके दुष्परिणाम' विषय पर एक आलेख लिखिए ।

## खंड (ख)

### ( पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक )

**प्रश्न (5)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर **50-60** शब्दों में लिखिए। **( 3+3 = 6 अंक )**

**(क)** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित काव्य सौंदर्य लिखिए ।
फरइ कि कोदव बाली सुसाली ।
मुकता प्रसव कि संबुक काली ।।

**(ख)** आशय स्पष्ट कीजिए ।
पिऊ सौं कहेहु संदेसड़ा , ऐ भंवरा ऐ काग ।
सो धनि बिरहें जरि मुई, तेहिक धुआँ हम लाग ।।

**(ग)** गीतावली से संकलित पद "राघौ एक बार फिरि आवौ" में निहित करुणा और मार्मिकता को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न (6)** निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर लगभग **30 से 40** शब्दों में लिखिए । **(1 x 2 = 2 अंक)**

**(क)** 'मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ' के आधार पर राम के स्वभाव की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

**(ख)** कोयल और भंवरे के कलरव का विरहिणी नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**प्रश्न (7)** निम्नलिखित में से किन्ही **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50 से 60** शब्दों में लिखिए । **(3+3=6अंक)**
**(क)** 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर बताएँ कि स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजेडी क्या है ?
**(ख)** लेखक असगर वजाहत द्वारा लिखी लघु कथा 'शेर' में शेर किसका प्रतीक है, स्पष्ट करें ?
**(ग)** 'दूसरा देवदास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को सिद्ध कीजिए ?

**प्रश्न (8)** निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर लगभग **30 से 40** शब्दों में लिखिए। **(1 x 2 = 2अंक)**

**(क)** 'मनोकामना की गाँठ भी अद्‌भुत है, इधर बाँधो उधर लग जाती है।' कथन के आधार पर पारो की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

अथवा

**(ख)** मजदूरों को चार हाथ न लगा पाने पर मिल मालिक ने क्या उपाय निकाला ?

**प्रश्न (9)** निम्नलिखित में से किन्ही **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **30 से 40** शब्दों में लिखिए । **(2x2=4अंक)**

**(क)** 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर गर्मी और लू से बचने के लिए किए जाने वाले उपायों का विवरण दीजिए ?
**(ख)** आज के इंजीनियरों की सोच यह है कि वे पानी का प्रबंध करना पहले से बेहतर जानते हैं । क्या ऐसा मानना ठीक है ?
**(ग)** 'हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गंदे पानी के नाले बना रही है। इस साल मालवा में सामान्य बारिश से पाँच ही इंच ज्यादा पानी गिरा है और इतने में ही नदी, नाले, तालाब,बावड़िया और कुएँ चैतन्य हो गए हैं' ये पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं और इस पाठ के लेखक कौन हैं ?